संस्कृत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा संगीत विश्वविद्यालय का भ्रमण

दिनांक 26/02/2022 को संस्कृत विभाग के 10 विद्यार्थियों एवं 2 प्राध्यापकों ने हिन्दी तथा पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों एवं विभागीय प्राध्यापकों के साथ विस्तार गतिविधि एवं MOU गतिविधियों के अंतर्गत इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के साहित्यिक आयोजनो में संयुक्त रुप से शामिल होकर अपना ज्ञानवर्धन किया।

प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के निर्देशन में महाविद्यालय के हिंदी, संस्कृत और पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों को वहां पूर्व निर्धारित क्लासिकल चर्चा गोष्ठी में भाग लेने के लिए भेजा गया था। इस यात्रा में संस्कृत विभाग से डॉ. दिव्या देशपाण्डेय, महेन्द्र नगपुरे के नेतृत्व में दस विद्यार्थी शामिल हुए ।

सर्वप्रथम संगीत विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में आधुनिक संस्कृतकथासाहित्य पर परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें में डॉ. दिव्या देशपाण्डे ने संस्कृत के आधुनिक कथा लेखक डॉ. राजेन्द्र मिश्र जी के संस्कृत कथा संग्रह इक्षुगंधा पर विस्तृत प्रकाश डाला तत्पश्चात इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पूर्णिमा केलकर जी ने डॉ.श्रीधर भास्कर वर्नेकर के कथा संग्रह कथावल्लरी की समीक्षा की।अंत में डॉ. महेन्द्र नगपुरे ने आधुनिक कथा साहित्य संस्कृतकथासाहित्य पर समेकित विचार प्रकट किये।प्रदीप त्रिपाठी नामक विद्यार्थी ने हृदयपरिवर्तन नामक कथा की समीक्षा की।अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान किया गया।

परिचर्चा के पश्चात विश्वविद्यालय के नाटक विभाग द्वारा फणीश्वर नाथ रेणु की प्रसिद्ध कहानी 'पंचलाइट' की नाट्य प्रस्तुति दिखाई गई तथा नाट्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र चौबे जी ने विद्यार्थियों को प्राचीन काल से लेकर अद्यावधि पर्यन्त नाट्य विधा के विकास पर मार्गदर्शित किया। उसके बाद विद्यार्थियों को मूर्तिकला, चित्रकला, गायन-वाद, लोकसंगीत तथा नृत्य विभाग में ले जाकर वहां की कला कृतियों की प्रदर्शनी तथा गायन-वादन की प्रस्तुति दिखाई गई।

डॉ. दिव्या देशपाण्डे
विभागाध्यक्ष - संस्कृत
शास. दिग्विजय महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

65

प्रति,

प्राचार्य,

शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

राजनांदगांव(छ.ग.)

विषय– एम. ओ. यू. के अंतर्गत शैक्षणिक चर्चा में सहभागी होने हेतु अनुमति प्रदान करने बावत्।

महोदय ,

विषयांतर्गत निवेदन है कि, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक 26/02/2022 को एम. ओ. यू. के अंतर्गत शैक्षणिक चर्चा में सहभागी होने हेतु इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग जाना प्रस्तावित है।कृपया उपरोक्त कार्यक्रम में सहभागी होने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

दिनांक- 23/2/2022

भवदीय

डॉ.दिव्या देशपांडे

विभागाध्यक्ष(संस्कृत)

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय,

राजनांदगांव

अनुमति दी जाती है

कार्यालय-शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाव(छ.ग.)

//सूचना//

दिनांक- 18/2/2022

संस्कृत विभाग के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक ....26/2/2022.......को 11:00 बजे ...MOU के अन्तर्गत शैक्षणिक भ्रमण.....कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

उपरोक्त कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

स्थान- संस्कृत विभाग, इंदिरा कला संगीत वि.वि. खैरागढ़ (छ.ग.)

विभागाध्यक्ष (संस्कृत)
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय,
राजनांदगाव

प्राचार्य
शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय,
राजनांदगाव